डॉ. विनीत जोशी, भा.प्र.से.
सचिव
Dr. VINEET JOSHI, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली–110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi - 110001



## अपील

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आपको विदित है, भारत के संविधान के अनुछेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी है, जिसका निर्णय दिनांक 14 सितम्बर, 1949 को देश की संविधान सभा ने सर्वसम्मति से लिया था। इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिसाहिक निर्णय की स्मृति में हम प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' मनाते हैं। हिन्दी दिवस का मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा को और अधिक सम्मान दिलाना तथा कार्यलययीन कार्यों एवं तकनीकी क्षेत्र में इसका प्रयोग बढ़ाने के प्रति कार्मिकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है।

प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी पंचायती राज मंत्रालय में सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा एक आयोजन मात्र नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का एक अवसर है जिसके जरिये मंत्रालय में प्रशासनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं, हिन्दी निबंध लेखन, वाद-विवाद, काव्य पाठ, टिप्पण आलेखन आदि का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी से अनुरोध है कि कृपया इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

हम सभी का संवैधानिक दायित्व है कि हम राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का पालन, दृढ़ता से करें। मैं, पंचायती राज मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूं कि मंत्रालय में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए टिप्पणियों, मसौदों, पत्राचार एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों को यथासंभव मूल रूप में हिन्दी में करके, राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

शुभकामनाओं सहित,

विनीत जोशी

(डॉ. विनीत जोशी)